The Resource Centre

Voice of Lucknow

Date: 07/04/2017 **Page No: 09** **Location: Main** **Circulation: 0**

Edition: Lucknow

Emami launched its healthy and tasty edible oil in the national market

राष्ट्रीयबाजार में इमामी ने उतारा हेल्दी वटेस्टी एडीवल ऑयल

नई दिल्ली, एजेंसी



इमामी ग्रुप समूह ने आज अपना खद्य तेल ब्राण्ड इमामी हेल्दी एण्ड टेस्टी को उत्तर तथा पश्चिम भारत के बाजारों में लांच किया। इस अवसर पर कम्पनी के जनरल मैनेजर एम.के. दत्ता ने बताया कि राष्ट्रीय बाजार में हम अपने खाद्य तेल ब्राण्ड इमामी हेल्दी एण्ड टेस्टी को पेश करते हुए उत्साहित है। पश्चिम बंगाल में यह तेजी से बढ़ता ब्रांड है जहां पर कंपनी ने अपनी चार हजार प्रति दिन की क्षमता वाली फैक्ट्री भी लगाई है।

इस अवसर पर कम्पनी के डीजीएम नरेश हजारिवाल ने बताया कि हमने एटीएल और बीटीएल गतिविधियों के साथ-साथ जबरदस्त मार्केटिंग प्लान बनाया है। ब्राण्ड को तीन वर्ष में रु. 5000 करोड़ का ब्राण्ड बनाने के लिए करीब रु. 150-200 करोड़ ए एण्ड एम मे निवेश किये जाएंगे। उपभोक्तों से सार्वभौमिक उपभोक्ता कनेक्ट के लिए राष्ट्रीय स्तर पर हमारे ब्राण्ड इमामी हेल्दी एण्ड टेस्टी के साथ सुपर स्टार अमिताभ बच्चन को जोड़ने की घोषणा करता हूं। इमामी ग्रुप के डायरेक्टर मनीष गोयनका ने कहा कि हेल्दी एण्ड टेस्टी के राष्ट्रीय स्तर पर लांच के साथ अभिनव विपणन संचारी के बल पर हम उपभोक्ताओं का विश्वास जीतेंगे ही, यह भरोसा है। इसके दूसरे चरण में हम झारखण्ड, राजस्थान और मध्य प्रदेश आदि क्षेत्रों में कदम बढ़ायेंगे। गोयनका ने यह भी बताया कि वर्तमान में इमामी की खाद्य तेल प्रसंस्करण की दो इकाइयां हल्दिया व कृष्णपटन्नम में तथा पैकेजिंग इकाई जयपुर में है।

Copyright of the article is with the publication